**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 17.09.2026**

- **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 फर्जी बी0एस0ए अधिकारी को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से चोरी के ₹ 2500/- नकद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।**

कृपया सादर अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण एवं घटनाओं की रोकथाम तथा अभियोगों के सफल अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थाना गजनेर पर दिनांक 16.09.2026 को वादिनी श्यामा सिंह प्रधानाध्यापिका आर0पी0एस0 मॉडर्न स्कूल नबीपुर कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर अभियुक्त शोभित द्विवेदी पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम बीबीना थाना कदौरा जनपद जालौन द्वारा खुद को बी0एस0ए0 अधिकारी बताकर ₹ 25500/- चोरी करने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना गजनेर पर मु0अ0स0 232/2026 धारा 318(4)/204/351(3)/305A बीएनएस बनाम शोभित द्विवेदी उपरोक्त पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना गजनेर पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए दिनांक 17.09.2026 को अभियुक्त शोभित द्विवेदी उपरोक्त को मुखबिर खास की सूचना पर आर0पी0ए0एस मोर्डन पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 2500/- रूपये नगद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुए । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोतरी की गई है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त शोभित उपरोक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-

1. शोभित द्विवेदी पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम बवीना थाना कदौरा जनपद जालौन उम्र करीब 30 वर्ष।

## बरामदगी का विवरण-

1. बरामदगी ₹ 2500/- नकद व एक मोटर साइकिल न0 UP77AV3879 TVS ROMIN रंग काला (एम0वी0 एक्ट में सीज)।

## पूछताछ का विवरण -

पूछताछ में अभियुक्त शोभित उपरोक्त ने बताया कि मैं बीबीना थाना कदौरा जनपद जालौन का रहने वाला हूँ व मेरी ससुराल थाना क्षेत्र गजनेर में आया था। दिनांक 14/09/2026 को समय 10.30 AM बजे मैं मोटर साइकिल TVS ROMIN न0 UP77AV3879 से आर0पी0एस मॉर्डन पब्लिक स्कूल में फर्जी बी0एस0ए0 बनकर गया था। वहाँ पर जाकर मैंने खुद को बी0एस0ए0 अधिकारी बताकर प्रधानाध्यापक से स्कूल की मान्यता से सम्बन्धित प्रपत्र माँगे और कहा कि मैं बेसिक शिक्षा परिषद, लखनऊ से स्कूल चैक करने आया हूँ। प्रधानाध्यापिका ने मुझे स्कूल की आफिस में अपनी कुर्सी-मेज पर बैठाया। प्रधानाध्यापिका मुझसे बात करते हुए फोन पर भी किसी से बात कर रही थीं तो मैं घबरा गया और जान से मारने की धमकी देते हुए मेज की रैक में रखे हुए ₹ 25500/- रुपये निकाल कर मोटर साइकिल से चला गया। मेरे द्वारा चुराये गये रुपयों में से मैने ₹ 23000/- रुपये खर्च कर लिये, व जो ₹ 2500/- मुझसे बरामद हुए हैं वो उन्ही चुराए रुपयों में से बचे रुपये हैं। आज दिनांक 17.09.2026 को मैनें अखबारों में स्वयं के छपे फोटो देखे तो मामला रफा-दफा करने के लिए अपने साथियों के साथ आर0पी0ए0एस मोर्डन पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापिका के पास जाने के लिए इन्तजार कर रहा था कि आपने मुझे पकड़ लिया।

## गिरफ्तारी करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह
2. हे0का0 340 हरगोविन्द सिंह
3. का0 604 इन्द्रजीत सिहं
4. का0 737 युवराज प्रताप सिंह